# पांकी में पुलिस की बड़ी कार्रवाई गांजा और नकदी किया बरामद

## छापेमारी के दौरान आरोपी पिता-पुत्र फरार, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांकी थाना क्षेत्र के दुबइया माड़न गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा और नकद बरामद किया है। हालांकि मुख्य आरोपी अनुज सिंह उर्फ अनुज दूबे और उसका पुत्र विकास कुमार मौके से फरार हो गए। पलामू एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। सूचना थी कि अनुज सिंह अपने घर से अवैध गांजा कारोबार चला रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अलग-अलग पॉलिथीन में रखा कुल 6.608 किलोग्राम गांजा बरामद किया। वहीं विकास कुमार के कमरे की अलमारी से 1 लाख 99 हजार 500 रुपये नकद मिले। पुलिस ने पांकी थाना कांड संख्या 74/2026 दर्ज करते हुए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## जहरीले जीव के काटने से मजदूर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के खिलपर स्थित एक ईंट भट्ठा में शनिवार देर शाम जहरीले जीव के काटने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान लातेहार जिले के मनिका निवासी जमुना सिंह (49 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जमुना सिंह खिलपर गांव स्थित गोल्ड ईंट भट्ठा में मजदूरी करते थे। शनिवार रात सोने के दौरान उनकी पीठ में किसी जहरीले जीव ने काट लिया। घटना के बाद भट्ठा मालिक द्वारा उन्हें आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से मेदिनीनगर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। वहीं भट्ठा मालिक ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**चैनपुर।** चैनपुर थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के कंकारी निवासी मनीष कुमार पाल उर्फ सोनू पाल, पिता कुलदीप पाल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने रविवार शाम बताया कि चैनपुर थाना कांड संख्या 91/26, दिनांक 13 अप्रैल 2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत चोरी गई मोटरसाइकिल युवक के पास से बरामद की गई। पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मईया सम्मान योजना व पेंशन सत्यापन के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना और पेंशन योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए चलाए जा रहे सत्यापन अभियान पर सवाल उठने लगे हैं। प्रखंड के बेल बिगहा पंचायत स्थित धावाबार केंद्र की एक आंगनबाड़ी सेविका पर लाभुकों से अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के लाभुकों से सत्यापन के नाम पर 200 रुपये तथा पेंशनधारियों से 100 रुपये लिए जा रहे हैं। आरोप है कि जो लोग पैसे नहीं दे रहे हैं, उनका सत्यापन रोकने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार द्वारा पेंशन योजनाओं में गड़बड़ी रोकने और मृत लाभुकों के खातों में जा रही राशि की जांच के लिए फिजिकल वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। इसी प्रक्रिया का फायदा उठाकर कुछ लोग लाभुकों से पैसे वसूल रहे हैं। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं हुसैनाबाद बीडीओ सह सीडीपीओ सुनील वर्मा ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है और संबंधित सेविका से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सत्यापन के लिए किसी प्रकार की कोई फीस निर्धारित नहीं है। यदि कोई पैसे की मांग करता है, तो इसकी शिकायत तुरंत प्रशासन से की जानी चाहिए। मुखिया प्रतिनिधि ने भी बताया कि ग्रामीणों से शिकायत मिली है कि योजना और पेंशन सत्यापन फॉर्म भरने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। हालांकि आरोप लगने के बाद संबंधित सेविका मामले से पल्ला झाड़ रही है।

## आंधी-बारिश से सतबरवा में अफरा-तफरी

**नवीन मेल संवाददाता**



सतबरवा। शनिवार देर शाम सतबरवा और आसपास के क्षेत्रों में अचानक तेज आंधी और हल्की बारिश से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ ही मिनटों में मौसम बदलने से बाजार और ग्रामीण इलाकों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के कारण कई दुकानों के करकट और तिरपाल उड़ गए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कई घरों में बारिश का पानी घुस गया। जोड़ा गांव निवासी विश्वनाथ प्रजापति के घर पर लगा टीना का करकट तेज हवा में क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि काफी मेहनत से घर में करकट लगवाया था, लेकिन आंधी में सब बर्बाद हो गया। इधर सतबरवा बाजार में एक दुकान के ऊपर लगा बड़ा टीना का शेड काफी देर तक हवा में लहराता रहा। इससे बाजार में मौजूद लोगों के बीच दहशत फैल गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि करकट किसी राहगीर पर गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। करमा गांव में आंधी के साथ ओलावृष्टि भी हुई। सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां के घर में पानी और ओले घुस गए। वहीं रामघाट क्षेत्र में एक बड़ा पेड़ 11 हजार वोल्ट बिजली तार पर गिर गया, जिससे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। लोगों को रात अंधेरे में बितानी पड़ी। हालांकि बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, लेकिन अचानक बदले मौसम ने नुकसान और डर का माहौल भी छोड़ दिया।

## सात माह से बंद पड़ी मलय नहर 105 गांवों की खेती पर संकट

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** पलामू जिले की जीवनरेखा मानी जाने वाली मलय नहर पिछले सात माह से टूटकर बंद पड़ी है। अब तक उसकी स्थायी मरम्मत नहीं हो सकी है, जिससे सतबरवा, मेदिनीनगर और लेस्लीगंज प्रखंड के 105 गांवों के हजारों किसानों के सामने गंभीर सिंचाई संकट खड़ा हो गया है। धान रोपनी का समय नजदीक आने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। भाजपा नेता आशिष कुमार सिन्हा ने शनिवार को पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर मलय नहर की जल्द मरम्मत कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर 2025 को भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष बरसात के दौरान मलय डैम का फाटक समय पर बंद नहीं किए जाने से लगातार पानी नहर में बहता रहा। इसी दौरान 10 नवंबर 2025 को सतबहिनी मुरमा स्थित चेन संख्या-18 के पास नहर टूट गई। आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण डैम का करीब 20 फीट पानी व्यर्थ बह गया और आज तक नहर की मरम्मत नहीं हो सकी। मलय डैम से तीन प्रखंडों के 105 गांवों की लगभग 1 लाख 55 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होती है। इनमें सतबरवा के 27, मेदिनीनगर सदर के 42 तथा लेस्लीगंज के 36 गांव शामिल हैं। नहर टूटने के कारण रबी फसल के दौरान किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल सका, जिससे फसल उत्पादन पर भी असर पड़ा। ग्रामीणों और किसानों ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हर साल किसानों को ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि धान सीजन शुरू होने से पहले नहर की मरम्मत नहीं हुई, तो हजारों किसानों के सामने आर्थिक संकट गहरा जाएगा।

## नाली की पटिया टूटने से ट्रैक्टर हादसा, चालक का हाथ फ्रैक्चर

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के पुरानी बाजार स्थित चिकटोली मोड़ के पास शुक्रवार को सफाई कार्य के दौरान एक हादसा हो गया। हादसे में नगर पंचायत में कार्यरत ट्रैक्टर चालक वकील पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत का कूड़ा उठाने वाला ट्रैक्टर नियमित सफाई कार्य में लगा हुआ था। इसी दौरान सड़क से गुजर रहे दूसरे वाहन को साइड देने के लिए चालक ट्रैक्टर को आगे-पीछे कर रहा था। तभी नाली पर लगी पटिया अचानक टूट गई और ट्रैक्टर का एक पहिया नाली में धंस गया। घटना के दौरान ट्रैक्टर का हैंडल तेज झटके के साथ घूम गया। उस समय चालक वकील पासवान का हाथ हैंडल पर था, जिससे उनके हाथ में गंभीर चोट लग गई। आसपास मौजूद कर्मियों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने हाथ में फ्रैक्चर होने की पुष्टि की। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत क्षेत्र में जर्जर नालियों और कमजोर पटियों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## कृषि हित में सरकार व प्रशासन से हर साल छले जाते हैं किसान

**नवीन मेल संवाददाता**




**हैदरनगर।** बरसात के मौसम से पहले हर साल सरकार और प्रशासन द्वारा खाद-बीज की कालाबाजारी रोकने को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन इसका लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पाता। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह और सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने सरकार और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर वर्ष किसानों के हित की बातें तो होती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान ठगे जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी प्रशासन द्वारा खुदरा खाद विक्रेताओं को सरकार की निर्धारित दर पर यूरिया और अन्य खाद किसानों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। कालाबाजारी रोकने के लिए पलामू उपायुक्त द्वारा टास्क फोर्स का गठन कर बैठकें भी की गई हैं। अनुमंडल, प्रखंड और अंचल स्तर पर खुदरा विक्रेताओं के साथ बैठक कर निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराया जाए। लेकिन खुदरा विक्रेताओं का कहना है कि कालाबाजारी की शुरुआत अंचल स्तर से नहीं, बल्कि जिला स्तर से ही हो जाती है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय के थोक विक्रेताओं द्वारा खुदरा दुकानदारों को एक बैग यूरिया 330 रुपये में दिया जा रहा है। इसके अलावा प्रति बैग 35 रुपये वाहन भाड़ा और मजदूरी खर्च पड़ता है। इस तरह एक बैग की कुल लागत 365 रुपये तक पहुंच जाती है। ऐसे में खुदरा दुकानदार किसानों को 400 रुपये से कम में यूरिया उपलब्ध नहीं करा सकते। रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जब खुदरा दुकानदारों को ही निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा, तो किसानों तक सस्ती दर पर खाद पहुंचना संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर साल प्रशासन और सरकार केवल दिखावे के लिए कार्रवाई करती है, जबकि किसान परेशान होते रहते हैं। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला स्तर से निगरानी और सख्त कार्रवाई जरूरी है, नहीं तो किसानों को राहत नहीं मिलेगी।

## जपला ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में मनाया गया मदर्स डे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, गणेशपुरी जपला में मदर्स डे की पूर्व संध्या पर शनिवार को भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की माताओं के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर पूरे दिन उत्साह, उमंग और पारिवारिक सौहार्द के माहौल से सराबोर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुसैनाबाद नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद उमा देवी उपस्थित रहीं। इसके अलावा विद्यालय के संरक्षक रामेश्वरम, निदेशक मनोज कुमार प्रजापति, शिवाजी कबड्डी संघ, कवित्री करिश्मा कांस्यकार एवं समाजसेवी प्रदीप पटेल सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती एवं भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका खुशी कुमारी ने किया। मदर्स डे के अवसर पर माताओं के लिए चूड़ी प्रतियोगिता, बैलून गेम एवं गेंद डालने जैसे कई मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। सभी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।

## जीईसी पलामू में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) पलामू में शनिवार को अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। नई प्रयोगशाला में हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा के साथ आई-7 14वीं पीढ़ी के आधुनिक कंप्यूटर सिस्टम लगाए गए हैं। इससे छात्रों को तकनीकी और प्रायोगिक प्रशिक्षण में बेहतर सुविधा मिलेगी। कॉलेज प्रबंधन ने इसे संस्थान के तकनीकी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर कॉलेज के कोडहैक क्लब द्वारा विश्वप्रसिद्ध तकनीकी मंच गीक्सफॉरगीक्स (जीएफजी) के सहयोग से "हैकअरीना-2026" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने कोडिंग, समस्या समाधान और लॉजिकल थिंकिंग में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। "डिबग मास्टर" और "कोड रिले" जैसे तकनीकी इवेंट्स में भी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी दक्षता और कोडिंग युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कोडहैक क्लब के प्रभारी प्रो. भवेश कुमार ने बताया कि नई कंप्यूटर लैब केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार और तकनीकी सृजन का मंच बनेगी। यहां भविष्य में हैकाथॉन, कोडिंग प्रतियोगिताएं और तकनीकी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सह-संयोजक प्रो. दीपक कुमार रवि रहे। मौके पर डॉ. विनीते शेखर, डॉ. हरि मोहन दुबे, डॉ. मुरली मनोहर, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. राजेश नारायण देव, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. दीपेश कुमार एवं प्रो. निपेन कुमार सहित कई शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## हीट वेव से बचाव को लेकर रेलकर्मियों को किया जा रहा जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्र में बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के निर्देश पर मंडल चिकित्सा विभाग विभिन्न स्टेशनों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में 9 मई को मंडल रेल प्रबंधक के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केसब के नेतृत्व में जपला, सिगसिगी, करकट्टा, मोहम्मदगंज एवं हैदरनगर स्टेशनों पर समर हीट वेव प्रबंधन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलकर्मियों को गर्मी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई तथा हेल्थ एडवाइजरी और ओआरएस पैकेट वितरित किए गए। अभियान के तहत रेलकर्मियों को तेज धूप में कार्य के दौरान सावधानी बरतने, पर्याप्त पानी पीने, समय-समय पर आराम करने तथा शरीर में पानी की कमी नहीं होने देने की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने हीट वेव के लक्षण, बचाव और प्राथमिक उपचार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मंडल चिकित्सा विभाग द्वारा पूर्व में भी कई स्टेशनों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए थे। 4 मई को डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर आयोजित शिविर में 85 रेलकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था, जबकि 22 अप्रैल को जाखिम स्टेशन पर 32 रेलकर्मियों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की गई थी। चिकित्सकों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य रेलकर्मियों को स्वस्थ और सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। विभाग की ओर से यह जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### मंडल रेल प्रबंधक ने किया जपला स्टेशन का निरीक्षण

## यात्री सुविधाओं, सुरक्षा संसाधनों और स्टेशन व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने शनिवार को जपला स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, आरपीएफ पोस्ट, रनिंग रूम, रिले रूम, बैटरी रूम सहित सिग्नल, इंजीनियरिंग और विद्युत विभाग के कार्यस्थलों का जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने प्लेटफॉर्म, स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की। स्टेशन पर लगे सोलर पैनलों की भी जांच की गई। उन्होंने रेलवे कॉलोनी का भ्रमण कर रेलकर्मियों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों की जांच कर आपात स्थिति में उनकी उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बढ़ती गर्मी को देखते हुए रेलकर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने, ओआरएस उपलब्ध रखने और हीट वेव गाइडलाइन का पालन करने को कहा गया। इसके अलावा मोहम्मदगंज, सिगसिगी और करकट्टा स्टेशनों का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### मंडल रेल प्रबंधक ने किया मोहम्मदगंज स्टेशन का गहन निरीक्षण



मोहम्मदगंज। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना शनिवार की देर शाम निरीक्षण यान से मोहम्मदगंज स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने स्टेशन परिसर और यात्री सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता प्रबंधन एवं यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत मिशन के तहत स्टेशन परिसर में चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने रेलकर्मियों के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कार्यस्थलों पर सतर्कता बनाए रखने, पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने और रेल कर्मचारियों के लिए ओआरएस पैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा जारी हीट वेव संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप, सीनियर डीईएन समन्वय सूरज कुमार, सीनियर डीओएम केशव आनंद, आरपीएफ कमांडेंट दिनेश सिंह तोमर, सीनियर डीएमएम एसपी सिंह, सीनियर डीईई सुनील सिंह यादव, सीनियर डीईई वीरेंद्र कुमार यादव, सीनियर डीईई पी के सिन्हा, सीनियर डीएसटीई विवेक सौरभ तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केशव सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुम मोबाइल मिलने पर महिला के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज थाना पुलिस की सक्रियता से उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के पांडेयपुरा गांव निवासी उमेश प्रसाद गुप्ता की पत्नी रेणु देवी का गुम हुआ मोबाइल वापस मिल गया। मोबाइल मिलने के बाद महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई। वहीं स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता और सकारात्मक कार्यशैली की सराहना की है। शनिवार को थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने थाना परिसर में रेणु देवी को उनका मोबाइल सौंपा। मोबाइल वापस मिलने पर महिला ने पुलिस के प्रति आभार जताया और कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल इतनी जल्दी वापस मिल जाएगा। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मोबाइल गुम होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी सहायता और छानबीन के आधार पर मोबाइल को बरामद कर लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आम लोगों की समस्याओं के समाधान और गुम हुए मोबाइल की बरामदगी को लेकर लगातार सक्रियता से काम कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों में भरोसा बढ़ा है।

# शहरी क्षेत्र में गंदे पानी से बढ़ी लोगों की परेशानी, तीन-चार दिन और इंतजार

- **दूषित जलापूर्ति पर महापौर ने पम्पूकल पहुंचकर जताई नाराजगी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर में पिछले कई दिनों से हो रही दूषित जलापूर्ति को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। नलों से गंदा और बदबूदार पानी आने के कारण आमजन परेशान हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद महापौर अरुणा शंकर शनिवार को बेलवाटीका स्थित पम्पूकल पहुंचीं और पूरे सिस्टम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने जल शोधन प्रक्रिया, फिल्टरेशन सिस्टम और सप्लाई पाइपलाइन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं और तकनीकी कर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महापौर ने कहा कि फिलहाल स्थिति सामान्य होने में अभी तीन-चार दिन और लग सकते हैं। उन्होंने बताया कि हाल में कोयल नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण गंदा पानी पम्पूकल तक पहुंच गया, जिससे जलापूर्ति प्रभावित हुई। अब प्लांट स्तर पर पानी को साफ करने और मशीनों की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम की टीम युद्धस्तर पर काम कर रही है, ताकि जल्द से जल्द लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही विभाग को जल टंकियों की नियमित सफाई, ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव और पाइपलाइन की निगरानी करने का निर्देश भी दिया गया है।

शहरवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी में गंदे पानी की सप्लाई से स्थिति और गंभीर हो गई है। लोगों ने नगर निगम से जल्द स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि हर साल गर्मी में होने वाली इस समस्या से राहत मिल सके।

## नल लगे, टंकी बनी, फिर भी प्यासा है ठाकुराई दिदरी गांव

- **चार किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर ग्रामीण, जल-नल योजना बनी शोपीस**



**मेदिनीनगर।** ठाकुराई दिदरी गांव में पेयजल संकट भयावह रूप ले चुका है। सरकार की महत्वाकांक्षी जल-नल योजना यहां अब तक धरातल पर सफल नहीं हो सकी है। गांव में पानी की टंकी बन चुकी है, घर-घर तक पाइपलाइन और नल भी लगाए जा चुके हैं, लेकिन दो वर्षों बाद भी ग्रामीणों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा है। नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के इस गांव में करीब 1500 की आबादी निवास करती है। लगभग 150 घरों वाले गांव में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर 400 फीट तक बोरिंग कराई गई, लेकिन पर्याप्त जलस्रोत नहीं मिला। गांव के अधिकांश चापाकल जवाब दे चुके हैं और जो चालू हैं, उनसे भी मुश्किल से दो-चार बाल्टी पानी निकल पाता है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि ग्रामीणों को रोजाना चार किलोमीटर दूर से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। पीने और घरेलू उपयोग के पानी के लिए महिलाओं और बच्चों को घंटों मशक्कत करनी पड़ रही है। शादी-विवाह, मकान निर्माण और अन्य जरूरी कार्यों के लिए लोगों को पानी खरीदना पड़ रहा है। गांव से होकर गुजरने वाली छोटी नदी कुंदरीया भी पूरी तरह सूख चुकी है। इससे पशुओं के सामने भी पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। भीषण गर्मी में हालात लगातार बदतर होते जा रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन या संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जल-नल योजना का लाभ केवल कागजों तक सीमित है। गांव में पाइप और नल तो पहुंच गए, लेकिन पानी आज भी लोगों के लिए सपना बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि ठाकुराई दिदरी गांव राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित संस्कृत एवं हिंदी के विद्वान पंडित रामदीन पांडेय के गांव के रूप में जाना जाता है। बावजूद इसके, गांव आज मूलभूत सुविधा पेयजल के लिए संघर्ष करने को मजबूर है।

## आयुष्मान योजनाओं की समीक्षा में डीसी सख्त, 17 अस्पतालों के क्लेम की होगी जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ स्कीम, मुख्यमंत्री रख-रखाव योजना, क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना तथा आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत किए जा रहे क्लेम को गंभीरता से लेते हुए जिले के आयुष्मान से संबद्ध 17 अस्पतालों में हुए क्लेम की जांच कराने का निर्देश दिया। इसके लिए अपर समाहर्ता, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा जिला कल्याण पदाधिकारी को शामिल करते हुए जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि जांच समिति अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत हुए इलाज एवं क्लेम की बारीकी से जांच करेगी, ताकि योजनाओं का लाभ सही लाभुकों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे तथा किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपायुक्त ने आमजनों के बीच आभा कार्ड को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल हेल्थ सिस्टम को मजबूत बनाने में आभा कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके माध्यम से मरीजों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित एवं सुगम बनाया जा सकेगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पंचायत स्तर तक अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों का आभा कार्ड बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने विशेष रूप से पीवीटीजी समुदायों के बीच आयुष्मान कार्ड का कवरेज बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए दूरस्थ एवं कमजोर वर्गों के बीच विशेष अभियान चलाकर पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन, एमएमसीएच सुपरिटेंडेंट समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व नक्सली जगनारायण यादव की हत्या

- **पांडू क्षेत्र में शव मिलने के बाद हुई पहचान, हत्या में पत्थर से चोट की आशंका**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पूर्व माओवादी कमांडर जगनारायण यादव उर्फ विशाल यादव की हत्या कर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शनिवार को पांडू थाना क्षेत्र के बेलहारा इलाके में एक शव मिला। शुरू में पहचान नहीं हो सकी, लेकिन सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो आने के बाद पता चला कि मृतक पूर्व नक्सली जगनारायण यादव हैं।

जगनारायण यादव छतरपुर के गुरदी इलाके के रहने वाले थे। वह शादी में शामिल होने के लिए पांडू क्षेत्र आए थे। उनके चेहरे पर चोट के निशान थे, पुलिस को आशंका है कि हत्या पत्थर से की गई।

पांडू थाना प्रभारी बिगेश कुमार राय ने बताया कि शव की पहचान होने के बाद परिजन थाना पहुंचे और पुलिस को बयान देंगे।

विशाल यादव पहले माओवादी कमांडर थे। झारखंड सरकार ने उनके ऊपर पांच लाख रुपए का इनाम रखा था। 2015-16 में उन्हें गिरफ्तार किया गया और कई नक्सली घटनाओं में आरोपी ठहराया गया। जेल से निकलने के बाद वह सामान्य जीवन जी रहे थे।

## टोल प्लाजा के पास सड़क हादसा

## महिला की हालत नाजुक, शिक्षक पति गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के समीप स्थित अपना ढाबा के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की हालत गंभीर हो गई, जबकि उनके पति भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल महिला की पहचान नसीम बीवी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि उनके पति सरकारी शिक्षक हैं और हादसे में वे भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## बार एसोसिएशन परिसर में उखड़ा पेड़ बना हादसे का खतरा, नगर निगम पर लापरवाही का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पिछले दिनों आए तेज आंधी-तूफान के बाद जिला बार एसोसिएशन परिसर में एक बड़ा पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया है। मुख्य द्वार से प्रवेश करते ही दाहिनी ओर गिरा यह पेड़ फिलहाल पास स्थित एक होटल की दीवार के सहारे टिका हुआ है। इसकी स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

हैरानी की बात यह है कि मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय बार एसोसिएशन के मुख्य द्वार से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

बार एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि मामले की सूचना नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है, लेकिन अब तक पेड़ हटाने अथवा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी वक्त गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि बार एसोसिएशन गेट के बाहर बिजली के तारों पर पेड़ की टहनियां लटक रही हैं, जिससे विद्युत दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में अधिवक्ता, मुवक्किल और आम लोग इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है।

स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं ने नगर निगम एवं वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन अक्सर किसी बड़ी घटना के बाद ही सक्रिय होता है। उन्होंने मांग की है कि अविलंब पेड़ हटाकर क्षेत्र को सुरक्षित बनाया जाए तथा बिजली तारों पर अटकी टहनियों की भी तत्काल सफाई कराई जाए, ताकि संभावित हादसे को टाला जा सके।

## दुर्गा मंदिर के पास गंदगी का अंबार, लोगों में नाराजगी

- **मीट और मछली दुकानों का कचरा खुले में फेंके जाने से संक्रमण फैलने का खतरा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित दुर्गा मंदिर के सामने मीट, मुर्गा और मछली दुकानों से निकलने वाला कचरा खुले में फेंके जाने से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर के आसपास फैली गंदगी और सड़ांध से पूरे इलाके का वातावरण दूषित हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार दुकानदारों द्वारा मंदिर के सामने मांस के अवशेष और अन्य अपशिष्ट फेंक दिए जाते हैं, जो कई दिनों तक सड़ते रहते हैं। भीषण गर्मी और नमी के कारण इलाके में तेज दुर्गंध फैल रही है, जिससे लोगों का वहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द सफाई नहीं हुई तो संक्रमण और गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं।

दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं ने कहा कि मंदिर जैसे धार्मिक स्थल के सामने इस तरह गंदगी फैला रहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों का कहना है कि जिला परिषद ने दुकानों के लिए जगह तो उपलब्ध करा दी, लेकिन कचरा निस्तारण की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले केवल छह दुकानों को अनुमति मिली थी, लेकिन अब पूरे बस स्टैंड क्षेत्र में कई मीट और मुर्गा दुकानें खुल गई हैं। इससे कचरे की मात्रा लगातार बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से कचरा निस्तारण के लिए अलग स्थान निर्धारित करने की मांग की है। विशेषज्ञों का कहना है कि खुले में पड़े मांस के अवशेषों पर मक्खियां और बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है। दूषित वातावरण में रखा मांस लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

इस संबंध में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मोइन अख्तर ने कहा कि सभी मीट, मछली और मुर्गा विक्रेताओं को साफ-सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## फोरलेन बाईपास पर व्यवसायी से हथियार के बल पर लूट

- **अपराधियों ने बाइक और 25 हजार रुपये लूटकर अंधेरे में फरार**

**नवीन मेल संवाददाता**




**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव के फोरलेन बाईपास रोड पर शनिवार की देर शाम तीन हथियारबंद अपराधियों ने व्यवसायी अरविंद सोनी से लूट की। अपराधियों ने उनके सिर पर हथियार सटा कर करीब 20 से 25 हजार रुपये और बाइक ले ली। अरविंद सोनी पोलपोल गांव में सोना-चांदी और बर्तन की दुकान चलाते हैं। शनिवार शाम वह दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान अपराधियों ने उनका पीछा किया और बाइक रोककर लूट अंजाम दी। सूचना मिलते ही सतबरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी शुरू कर दी। दबाव बढ़ते ही अपराधी लूटी गई बाइक सड़क किनारे छोड़ फरार हो गए। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आसपास के इलाकों में लगातार छापेमारी की जा रही है। स्थानीय लोग और व्यवसायी बढ़ती आपराधिक घटनाओं से भय में हैं और पुलिस से गश्ती बढ़ाने और अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## दिन में भारी वाहनों की आवाजाही से शहर बेहाल, ट्रैफिक जाम और हादसे का बढ़ा खतरा

**मेदिनीनगर।** शहर के शहरी क्षेत्रों में दिन के समय भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से आम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। सड़कों पर बड़े ट्रक और अन्य भारी वाहन तेज रफ्तार से गुजर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है और लोगों को रोजाना जाम एवं दुर्घटना के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर शहर के मुख्य मार्गों से भारी वाहनों के गुजरने के कारण बाजार क्षेत्र, चौक-चौराहों और संकरी सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और आम राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि कई भारी वाहन तेज गति से शहर के अंदर प्रवेश करते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहन चालकों की लापरवाही लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। शहरवासियों का कहना है कि प्रशासन की ओर से भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिख रही है। यदि जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## अधिवक्ताओं की चिंता में खुद दर्द भूल गए महासचिव वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर प्रशासन संग जुटे प्रयास में

- **पुराने समाहरणालय परिसर स्थित विधि शाखा के खाली पड़े भवन को अस्थायी रूप से अधिवक्ताओं के बैठने के लिए उपलब्ध कराने पर सहमति बनी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन के नए भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने से पहले अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर बार एसोसिएशन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में महासचिव अजय कुमार पांडेय रविवार को अपने पैर में फ्रैक्चर होने के बावजूद अपर समाहर्ता कुंदन कुमार के साथ पुराने समाहरणालय परिसर पहुंचे और अधिवक्ताओं के लिए वैकल्पिक भवनों का जायजा लिया ।

बार एसोसिएशन के नए भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू होने वाला है। ऐसे में वर्तमान भवनों को हटाए जाने के बाद अधिवक्ताओं के समक्ष बैठने और मुवक्किलों से मिलने की बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। इसे देखते हुए बार एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से अस्थायी व्यवस्था उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। महासचिव अजय कुमार पांडेय ने इस संबंध में दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से मुलाकात कर अधिवक्ताओं की परेशानी से अवगत कराया। उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर समाहर्ता को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया।

इस दौरान दौरान पुराने समाहरणालय परिसर स्थित विधि शाखा के खाली पड़े भवन को अस्थायी रूप से अधिवक्ताओं के बैठने के लिए उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। इससे अधिवक्ताओं में राहत और उम्मीद की भावना देखी गई।

विशेष बात यह रही कि खुद शारीरिक पीड़ा से गुजर रहे महासचिव अजय कुमार पांडेय अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर लगातार सक्रिय बने हुए हैं। चलने-फिरने में कठिनाई होने के बावजूद वे प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समाधान निकालने में जुटे हैं। युवा अधिवक्ताओं ने उनकी इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए उन्हें अधिवक्ताओं के हितों के प्रति समर्पित और संघर्षशील नेतृत्व बताया।

अजय कुमार पांडेय ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुविधा और सम्मान सर्वोपरि है। भवन निर्माण एक जरूरी प्रक्रिया है, लेकिन इस दौरान किसी अधिवक्ता को परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन द्वारा मिले सकारात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

मौके पर सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला एवं कार्यकारिणी सदस्य ज्ञान रंजन भी उपस्थित थे।

# गुरुकुल स्कूल में नव-निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पाटन मोड़ स्थित गुरुकुल स्कूल में शनिवार को नव-निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे स्वागत नृत्य के साथ हुआ। समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष अनुज सिंह ने हेड बॉय एवं हेड गर्ल को शैश पहनाकर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद का गठन बच्चों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और सेवा भावना विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि ये छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनेंगे तथा अपने नेतृत्व कौशल से समाज को सकारात्मक दिशा देंगे।

विद्यालय की सचिव सोनम कुमारी ने हेड मिस्ट्रेस को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सहेंद्र साव ने हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को पद की गरिमा, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने विद्यालय के नियमों का पालन करने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के शपथ समारोह विद्यार्थियों को अनुशासित, जिम्मेदार एवं चरित्रवान बनने की प्रेरणा देते हैं। अनुशासन ही देश और समाज को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाता है।

इस अवसर पर प्राइमरी कक्षा की प्रधानाचार्या संध्या मिश्रा ने कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नृत्य एवं अन्य रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में विद्यालय के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार मेहता सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन प्रातः 8:30 बजे राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने सभी चयनित छात्र पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ट्रेन लूट की योजना हुई फेल, कुख्यात राजन तिवारी समेत सात अपराधी गिरफ्तार

● चार देशी कट्टा, जिंदा गोली, मोबाइल और बाइक बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने एक बड़ी आपराधिक घटना को समय रहते रोक दिया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नगवां मोहल्ला के सरसतिया नदी किनारे एक अर्धनिर्मित मकान में छापेमारी की गई, जिसमें कुख्यात अपराधी ज्ञान प्रकाश तिवारी उर्फ राजन तिवारी समेत सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। सूचना के अनुसार राजन तिवारी जेल से बाहर आने के बाद किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, उपाधीक्षक चिरंजीव कुमार मंडल, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी और सशस्त्र जवानों की विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजन तिवारी, प्रिंस कुमार, आकाश कुमार दुबे, पवन कुमार चंद्रवंशी, इनायत सिद्दीकी उर्फ ढिबरी, वैभव केशरी और संतोष सोनी को गिरफ्तार किया। उनके पास से चार देशी कट्टा, चार जिंदा 8 एमएम गोली, छह मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में अपराधियों ने पुलिस को बताया कि वे ट्रेन से उतरने वाले किसी व्यक्ति को लूटने की योजना बना रहे थे, लेकिन पुलिस की कार्रवाई ने उनकी योजना विफल कर दी। पुलिस सभी से उनके आपराधिक इतिहास और गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## मुख्य सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, राहगीर परेशान

**रमना।** प्रखंड के भगत सिंह पंचमुहान चौक स्थित मुख्य सड़क पर घरों का गंदा नाली पानी बहाए जाने से राहगीरों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे जलजमाव और गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मार्ग नगर गढ़वा सहित कई पंचायतों को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता है, जहां सुबह से देर रात तक लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। सड़क पर बहते गंदे पानी से बदबू फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों और दुकानदारों ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी रोज इस रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। लोगों ने जल्द नाली निर्माण और सड़क की सफाई कराने की मांग की है।

## अज्ञात बाइक की टक्कर से दो नाबालिग गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के अमरोरा गैस गोदाम के समीप बीती रात अज्ञात बाइक की टक्कर से दो नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को परिजनों की मदद से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खरौंधी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फरार बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है। घायलों में अमरोरा निवासी 12 वर्षीय जितेंद्र कुमार, पिता सभी सिंह तथा 14 वर्षीय किशन भूईया, पिता लालजी राम शामिल हैं। बताया जाता है कि दोनों किशोर रात में गैस गोदाम की ओर से मुख्य सड़क पर पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और परिजनों को जानकारी देते हुए दोनों घायलों को निजी वाहन से भवनाथपुर सीएचसी पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार बाइक चालक की पहचान में जुटी हुई है।

## खरीफ सीजन से पहले प्रशासन अलर्ट कांडी में पांच खाद दुकानों की जांच

● निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी रोकने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**कांडी।** आगामी खरीफ मौसम को देखते हुए किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देश पर शुक्रवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र की पांच खाद दुकानों की सघन जांच की गई। जांच अभियान का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने किया। जांच के दौरान खाद दुकानों में लाइसेंस की स्थिति, पीओएस मशीन, स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी एवं गोदाम व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि किसानों को निर्धारित सरकारी दर पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए और किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच टीम ने सभी खाद विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान के बाहर उपलब्ध खाद का स्टॉक एवं मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही रिकॉर्ड को अद्यतन रखने एवं वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखने की हिदायत दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि खरीफ सीजन में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी खाद विक्रेता द्वारा अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच अभियान में प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## स्वच्छता दिवस पर विद्यालय परिसर में हुआ पौधरोपण




नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** राजकीय बुनियादी स्कूल में शनिवार को स्वच्छता दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया बेबी देवी, पूर्व मुखिया अब्दुल्लाह अंसारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से पौधे लगाए। विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर मुखिया बेबी देवी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं। बच्चों को बचपन से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छता एवं हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

## कुएं से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**तीन दिनों से लापता था कालिका भुइयां, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा**

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बहेरवाखाड़ी टोला निवासी 35 वर्षीय कालिका भुइयाँ का शव रविवार को मकरी गांव के कड़िया टोला स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह कुछ बच्चे कुएं के पास खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों ने कुएं के अंदर बड़े मेंढक को देखकर पत्थर फेंका। तभी उन्हें कुएं में एक शव दिखाई दिया। बच्चों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों द्वारा मामले की जानकारी भवनाथपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन एवं एसआई नारायण प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया कि कालिका भुइयाँ बीते 7 मई की शाम से लापता थे। उसी दिन गांव में एक बारात में उन्होंने डांस भी किया था, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था। परिवार के लोग लगातार तीन दिनों से उनकी तलाश कर रहे थे। मृतक की पत्नी सरिता देवी एवं अन्य परिजनों ने हत्या कर शव को कुएं में फेंके जाने की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक अपने पीछे चार पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गया है, जो सभी नाबालिग हैं। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था। घटनास्थल पर अरसली दक्षिणी पंचायत के मुखिया पति सोना किशोरी यादव, मकरी पंचायत के मुखिया पति धनंजय साह, झामुमो नेता जसमुद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय पलामू में 'आवाज़-ए-अल्फ़ाज़' का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर "आवाज़-ए-अल्फ़ाज़" नामक ओपन माइक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह एवं लिटरेरी क्लब के प्रोफेसर-इन-चार्ज डॉ. मुरली मनोहर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा साहित्य एवं संस्कृति के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शायरी, कविता पाठ एवं कहानी प्रस्तुति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की प्रभावशाली अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और रचनात्मकता ने कार्यक्रम को जीवंत और यादगार बना दिया। उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. दीपेश कुमार, प्रो. भावेश कुमार, प्रो. अनामिका लकड़ा एवं प्रो. नितीश कुमार भी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सांस्कृतिक जागरूकता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

## बदहाल सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत लौगदर झरना तक पहुंचना दूभर

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** विकास के दावों के बीच केतार प्रखंड के परसोडीह गांव स्थित दक्षिणी झरना टोला की तस्वीर सरकारी व्यवस्था की पोल खोल रही है। परसोडीह मुख्य पथ से प्रसिद्ध लौगदर झरना तक जाने वाली करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क वर्षों से जर्जर पड़ी हुई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, नुकीले पत्थर और धूल-मिट्टी के कारण ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाती है। बाइक और साइकिल चलाना तो दूर, पैदल चलना भी कठिन हो जाता है। कई लोग सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन अब तक प्रशासन या जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। लौगदर झरना क्षेत्र का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल माना जाता है। जुलाई से अक्टूबर तक यहां जिले समेत दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। हालांकि सड़क की बदहाली के कारण पर्यटकों को करीब एक किलोमीटर पहले ही वाहन खड़ा कर पैदल जाना पड़ता है। इससे पर्यटन विकास भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण की मांग कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से की गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## नगर उंटारी में युवती ने लगाया पहचान छुपाकर प्रेमजाल में फंसाने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी क्षेत्र में एक संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसमें एक युवती ने युवक पर पहचान छुपाकर प्रेम संबंध बनाने, शादी का झांसा देने और बाद में मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना करने का आरोप लगाया है। रांची जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने नगर उंटारी महिला थाना में आवेदन देकर बताया कि हैदराबाद में काम करने के दौरान उसकी मुलाकात कुष्डदंड गांव निवासी इनायत अंसारी से हुई थी। आरोप है कि युवक ने खुद को "सोनू" नाम से हिंदू और अविवाहित बताकर उसे प्रेमजाल में फंसाया। पीड़िता के अनुसार जनवरी 2026 में युवक उसे अपने घर ले आया, जहां पहुंचने पर उसे पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता भी है। युवती ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। आवेदन में युवक के परिजनों पर भी प्रताड़ना में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। महिला थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गुम हुए 5900 रुपये लौटाकर कांडी पुलिस ने जीता लोगों का दिल

नवीन मेल संवाददाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र में पुलिस की ईमानदारी और तत्परता का सराहनीय उदाहरण सामने आया है। शुक्रवार को दिवा गश्ती के दौरान थाना गेट के समीप गश्ती पदाधिकारी को 5900 रुपये गिरा हुआ मिला। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने तत्काल इसकी सूचना कांडी थाना प्रभारी पु०अ०नि० अशफाक आलम को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने तुरंत कांडी बाजार स्थित मंदिर के माइक से घोषणा करवायी कि किसी व्यक्ति का पैसा गिरा है, वह थाना पहुंचकर संपर्क करे। घोषणा सुनने के बाद पैसा गुम होने वाले व्यक्ति राजेश कुमार मेहता, पिता शिवनाथ मेहता, ग्राम डुमरसोता, ओपी हरिहरपुर, थाना भवनाथपुर, कांडी थाना पहुंचे। थाना प्रभारी द्वारा राजेश कुमार मेहता से आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन किया गया। सभी जानकारी सही पाए जाने के बाद पुलिस ने उन्हें पूरे 5900 रुपये सुरक्षित वापस सौंप दिए। पैसा वापस मिलने पर राजेश कुमार मेहता ने कांडी थाना पुलिस एवं थाना प्रभारी अशफाक आलम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस तरह की ईमानदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस घटना के बाद क्षेत्र में कांडी थाना की कार्यशैली की जमकर सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आम लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

## टोल बचाने के लिए ग्रामीण सड़कों पर दौड़ रहे भारी वाहन, ग्रामीणों में आक्रोश

**धुरकी।** सगमा-बिलासपुर टोल प्लाजा पर शुल्क बचाने के लिए भारी वाहनों द्वारा ग्रामीण सड़कों का इस्तेमाल किए जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सगमा प्रमुख अजय शाह ने बताया कि ट्रक और अन्य भारी वाहन मुख्य सड़क छोड़कर गांवों की संकरी सड़कों से गुजर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सड़कें भारी वाहनों के दबाव को सहन करने के लिए नहीं बनी हैं, जिससे सड़कें तेजी से टूट रही हैं। अजय शाह ने प्रशासन से मांग की है कि ग्रामीण सड़कों के प्रवेश द्वार पर हाइट गेज लगाए जाएं और भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि गांव की सड़कों को बचाया जा सके।

### मोहम्मदगंज में जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## 98 प्रगणकों और 17 पर्यवेक्षकों को जनगणना प्रक्रिया की दी गई विस्तृत जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** भारत जनगणना 2027 को लेकर प्रखंड सभागार में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 98 प्रगणकों और 17 पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चार्ज दंडाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार, सहायक चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक विवेकानंद पटेल, फील्ड ट्रेनर कमलेश दुबे और मृत्युंजय कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य को पूरी पारदर्शिता और सावधानी के साथ करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण तीन बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें क्रमशः 37 और 39-39 प्रगणक एवं पर्यवेक्षक शामिल हुए। सभी को जनगणना कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जनगणना देश का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और इसमें किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने बताया कि आगामी 15 मई को सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र, जनगणना किट और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे, ताकि जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

## बस पड़ाव की बंदोबस्ती के लिए अब 20 मई को होगी नीलामी

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रविवारीय साप्ताहिक बाजार के समीप स्थित बस पड़ाव की बंदोबस्ती को लेकर अब 20 मई को नीलामी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इस संबंध में पलामू जिला परिषद कार्यालय की ओर से आम सूचना जारी कर दी गई है। इच्छुक व्यक्तियों को 19 मई तक निर्धारित प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की औपचारिकता पूरी करने का निर्देश दिया गया है। बताया गया कि इससे पहले 23 अप्रैल को मेदिनीनगर स्थित उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कार्यालय में खुली डाक के माध्यम से बंदोबस्ती प्रक्रिया आयोजित की गई थी, लेकिन कोई भी इच्छुक व्यक्ति शामिल नहीं हुआ था। इसके कारण नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार बंदोबस्ती की न्यूनतम राशि और अग्रधन अधिक होने के कारण लोग इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इस बार भी इच्छुक व्यक्ति को अग्रधन के रूप में 67,500 रुपये सचिव, जिला परिषद पलामू के नाम बैंक ड्राफ्ट, चेक अथवा नकद जमा करना होगा। वहीं तीन वर्षों के लिए डाक की न्यूनतम राशि 2 लाख 70 हजार रुपये तथा मासिक किराया 7,500 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा सर्वोच्च बोलीदाता को नीलामी समाप्त होने के तुरंत बाद कुल डाक राशि का 50 प्रतिशत जमा करना अनिवार्य होगा। ऐसे में एक बार फिर लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि इस बार नीलामी प्रक्रिया में कोई भाग लेगा या नहीं।

### वर्षों से जलजमाव की मार झेल रहा कांडी का बनिया मोहल्ला, बारिश में सड़क बनी नरक

## नाली निर्माण नहीं होने से हर बरसात में बढ़ती है परेशानी

● स्थानीय लोगों ने प्रशासन से लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता



**कांडी।** बिन मौसम हुई बारिश ने एक बार फिर कांडी बाजार स्थित बनिया मोहल्ला की बदहाल स्थिति को उजागर कर दिया है। हनुमान मंदिर से कन्या मध्य विद्यालय तक जाने वाली मुख्य सड़क बारिश के पानी से पूरी तरह जलमग्न हो गई, जिससे पूरे इलाके की स्थिति नारकीय बन गई। सड़क पर जलजमाव होने से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि वर्षों से मोहल्लेवासी जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से नाली निर्माण एवं सड़क मरम्मत की मांग की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें हर बरसात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लावासियों ने प्रशासन से अविलंब नाली निर्माण और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आगामी बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सके।

**गड्ढे पानी में छिप जाने से दुर्घटना की आशंका**

सड़क किनारे समुचित नाली निर्माण नहीं होने के कारण बारिश का पूरा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। मोहल्ले में करीब 50 परिवार निवास करते हैं और हर बारिश में लोगों का जनजीवन प्रभावित हो जाता है। बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ और गंदा पानी जमा रहने से पैदल चलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। कई जगहों पर सड़क में बने गड्ढे पानी में छिप जाने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

## कामता पंचायत में पेयजल संकट, आदिम जनजाति परिवार परेशान

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत दामोदर गांव के परहैया टोला में भीषण गर्मी के बीच गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। गांव में लगे दो नल-जल योजनाएं बंद होने से आदिम जनजाति परिवारों को पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि टोला में दर्जनभर से अधिक परहैया परिवार रहते हैं, लेकिन शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। लोग एकमात्र कुएं के दूषित पानी पर निर्भर हैं। ग्रामीणों के अनुसार, एक नल-जल योजना शुरू से खराब है, जबकि दूसरी योजना पिछले तीन-चार महीनों से बंद पड़ी है। पानी की कमी के कारण बच्चे और बुजुर्ग दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीण बुटन परहैया, शिबन देवी, सबीता देवी, एतवरिया देवी और बुधमनीयां देवी ने बताया कि स्वच्छ पानी नहीं मिलने से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने जल्द मरम्मत की मांग की है। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्होंने उपायुक्त से तत्काल हस्तक्षेप कर पेयजल संकट दूर करने की मांग की है।

### फर्जी कागजात के सहारे बेची गई चोरी की 17 बाइक बरामद

# दो नामजद आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए चोरी की 17 बाइक बरामद की है। गिरोह के सदस्य विभिन्न इलाकों से बाइक चोरी कर फर्जी कागजात बनाने का झांसा देकर बारियातू थाना क्षेत्र के गांवों में कम कीमत पर ग्रामीणों को बेच रहे थे।

शनिवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि ग्रामीणों को धोखे में रखकर चोरी की बाइक बेचे जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। इस मामले में बारियातू थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। कौआखाप निवासी साजिद अंसारी और ककराईगढ़ा निवासी रोहित कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है।







थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जानकारी लातेहार एसपी को दी गई, जिसके बाद बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने बारियातू थाना क्षेत्र के कई गांवों में सघन जांच और सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने भी पुलिस का सहयोग किया।

जांच और पूछताछ के दौरान आरोपियों से खरीदी गई कुल 17 बाइक जब्त कर थाना लाई गई। पुलिस अब बाइक के इंजन और चेचिस नंबर के आधार पर असली मालिकों की पहचान करने में जुटी है। थाना प्रभारी ने कहा कि मामले में आगे भी लगातार जांच और छापेमारी जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि नामजद आरोपी साजिद अंसारी (40) और रोहित कुमार (22), जो लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कौआखाप गांव का है, को पूर्व में घाघरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर गुमला मंडल कारा भेजा जा चुका है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक अनुप कुमार, जितेंद्र कुमार, छोटू पंडा, कमलाकांत हजाम, सुशिला कुमार सिंह, दिनेश कुमार सहित थाना और मनातु पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## दृष्टिपात

### फरार वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कांड संख्या 92/2020 एवं जीआर संख्या 1036/2021 से जुड़े अभियुक्त सुंदर भारती, पिता बौद्ध भारती, निवासी सिद्दकी, थाना प्रतापपुर, जिला चतरा बीते काफी समय से फरार चल रहा था। वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रतापपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में लंबित वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून से बचने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### हजारीबाग एसपी ने मां भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना



**इटखोरी (चतरा)।** हजारीबाग के नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक अमन कुमार रविवार को अपने परिवार के साथ चतरा जिले के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने मां भद्रकाली के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, क्षेत्र में शांति, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने नवपदस्थापित एसपी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान प्रबंधन समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह, रतन शर्मा तथा इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने उन्हें मां भद्रकाली का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी चुस्त-दुरुस्त रही। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि नए एसपी के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

### घर के आंगन से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के जालिम ग्राम स्थित करमाही टोला में अज्ञात चोरों ने घर के आंगन से बाइक चोरी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित कपिल कुमार ने सदर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कपिल कुमार ने बताया कि सात मई की शाम वह बाजार से लौटकर अपनी बाइक (जेएच 19 एफ-5506) घर के आंगन में खड़ी कर सोने चले गए। सुबह उठने पर देखा कि घर का दरवाजा बाहर से बंद था। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खुलवाने के बाद बाहर निकलने पर बाइक गायब मिली। इसके बाद काफी खोजबीन की गई, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। मामले में सदर थाना में कांड संख्या 78/26 दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

### मुखिया के प्रयास से गोरीया में बिजली बहाल

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के कदगांवाकला पंचायत में मुखिया अशोक कुमार भुईयां के प्रयास से गोरीया अनुसूचित जाति मुहल्ले में 15 दिनों बाद बिजली बहाल हो गई, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। जानकारी के अनुसार गांव में लगा ट्रांसफार्मर खराब होने से पूरा मुहल्ला अंधेरे में डूबा हुआ था। लगातार 15 दिनों तक बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। इसके बाद ग्रामीणों ने मुखिया से समस्या बताई। मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की। विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराए जाने के बाद बिजली बहाल कर दी गई। बिजली आने पर ग्रामीणों ने मुखिया एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया। मौके पर बिजली मित्र मंटू कुमार सिंह, कामेश्वर कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में प्रांतीय संकुल संयोजक व प्रमुखों की बैठक संपन्न

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ स्थित डॉ. कृष्ण चंद्र गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रांतीय संकुल संयोजक एवं प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्माजी राव उपस्थित रहे। साथ ही प्रदेश मंत्री डॉ. बृजेश कुमार, प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा तथा विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव राजीव रंजन पांडे विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में संकुल अंतर्गत संचालित विद्यालयों को और अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित तथा समाजोपयोगी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने इस बैठक को अत्यंत उपयोगी बताया। इस दौरान विभिन्न संकुलों से आए प्रमुखों एवं संयोजकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चल रही गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी साझा की। संगठनात्मक मजबूती और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश एवं विभाग स्तर के कई पदाधिकारी, आचार्यगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### व्यवहार न्यायालय लातेहार में कोर्ट कर्मियों का डिजिटल प्रशिक्षण संपन्न



**लातेहार।** उच्च न्यायालय झारखंड रांची के निर्देश पर न्यायिक अकादमी रांची द्वारा आयोजित 'कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर कोर्ट स्टाफ्स एंड एन-स्टेप ट्रेनिंग एट डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर' के तहत रविवार को व्यवहार न्यायालय लातेहार में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषनाथ सिंह के सानिध्य में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विक्रम आनंद, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी जीव और प्रभारी न्यायाधीश उत्कर्ष जैन मौजूद रहे। प्रशिक्षक अभय सिंह और गणेश शंकर विद्यार्थी ने न्यायालय कर्मियों को डिजिटल माध्यम से न्यायिक कार्यों को सरल और प्रभावी तरीके से करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में कोर्ट स्टाफ, नाजिर, नायब नाजिर, प्रोसेस सर्वर और अन्य कर्मियों को ई-कोर्ट प्रणाली एवं आधुनिक तकनीक के उपयोग से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राजीव कुमार उपाध्याय, जितेंद्र कुमार दूबे, शशिभूषण सिंह, मनोज कुमार, निखिल कुमार, मनीष धान, अभिषेक कुमार, प्रवीण कुमार वर्मा, विजय कुमार, सफिनाज अंसारी, दीपक कुमार सिंह सहित अन्य न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम को न्यायिक कार्यों के डिजिटलीकरण और त्वरित निष्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना गया।

## जमीन सर्वे में गड़बड़ी के खिलाफ भाजपा करेगी आंदोलन

- पंचायत चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर जिला बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई की मासिक बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जमीन सर्वे में कथित गड़बड़ी, राज्य सरकार की नीतियों और पंचायत चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बंसी यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री मनीर उरांव मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बंसी यादव ने कहा कि जिले में चल रहे जमीन सर्वे के दौरान कई अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों पहले बिक चुकी जमीनों को फिर से पुराने रैयतों के नाम पर दर्ज किया जा रहा है, जिससे गांवों में विवाद की स्थिति बन रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द सुधार नहीं करता है तो भाजपा आंदोलन करेगी। प्रदेश मंत्री मनीर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने पंचायत चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं, खासकर जमीन, बिजली और पानी जैसे मुद्दों पर सक्रिय रहने को कहा। बैठक को पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजधानी प्रसाद यादव, पंकज सिंह और अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री छोटू राजा ने किया। बैठक में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महुआडांड़ में नियमों को ताक पर रख दौड़ रहे ट्रैक्टर

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में परिवहन नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। बिना व्यावसायिक निबंधन, फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण पत्र के सैकड़ों ट्रैक्टर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन ट्रैक्टरों का उपयोग मुख्य रूप से बालू के अवैध परिवहन में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अधिकांश ट्रैक्टर कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत हैं, लेकिन उनका उपयोग व्यवसायिक कार्यों में हो रहा है। तकनीकी रूप से अनफिट ये वाहन सड़क पर लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं। साथ ही इनसे प्रदूषण और राजस्व नुकसान की समस्या भी बढ़ रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि कई ट्रैक्टर नाबालिग और बिना लाइसेंस वाले युवक चला रहे हैं। बिना प्रशिक्षण के तेज रफ्तार में वाहन चलाने से दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। बाजार और स्कूल क्षेत्रों में इन ट्रैक्टरों की आवाजाही से स्थानीय लोग परेशान हैं। इस मामले में एसडीओ बिपिन कुमार दुबे ने कहा कि क्षेत्र में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

- छह ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, लूना वाहन और मोबाइल जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**चतरा।** जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत राजपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को छह ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देश पर जिले में लगातार नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर थाना क्षेत्र के हेसापासम रोड से होकर एक व्यक्ति अवैध ब्राउन शुगर लेकर गुजरने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए राजपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया।

वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध टीवीएस लूना वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में आरोपी के पास से छह ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिलीप ठाकुर, पिता गांगो ठाकुर, निवासी कान्हाचट्टी, थाना राजपुर, जिला चतरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से भूरे रंग की टीवीएस लूना वाहन संख्या जेएच 13 एफ-4898 तथा एक रियलमी नार्जो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह किन लोगों के संपर्क में था तथा ब्राउन शुगर की आपूर्ति कहां से की जा रही थी। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा। युवाओं को नशे से बचाने और समाज को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी रुपेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप प्रसाद वर्मा एवं राजपुर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बच्चों की प्रस्तुति देख छलक उठीं माताओं की आंखें, डीएवी शिक्षादीप स्कूल में भव्यता के साथ मना मातृ दिवस

- गीत, संगीत और कविताओं से बच्चों ने मां के प्रति व्यक्त किया प्यार, उपहार और कार्ड देकर किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिले के लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित डीएवी शिक्षादीप स्कूल में रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर भव्य एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, भावनाओं और पारिवारिक स्नेह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षाविद प्रमोद कुमार, विद्यालय की प्राचार्य कुमारी अनुप्रिया पांडेय एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। इसके बाद बच्चों ने गीत, कविता, नृत्य एवं भाषण के माध्यम से मां की ममता, त्याग और स्नेह को भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया।



नन्हे विद्यार्थियों द्वारा "मां की ममता" विषय पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। अपने बच्चों की प्रस्तुति देखकर कई माताओं की आंखें नम हो गईं। बच्चों ने अपनी माताओं को स्वयं के हाथों से बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड और उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से माताओं के मनोरंजन के लिए भी विशेष प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों ने अपने संबोधन में कहा कि मां जीवन की पहली गुरु होती है और उनके संस्कार ही बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की नींव रखते हैं। प्राचार्य कुमारी अनुप्रिया पांडेय ने कहा कि माताएं किसी भी परिवार की आधारशिला होती हैं। उनके त्याग और योगदान को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन बच्चों में संस्कार, सम्मान और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के निदेशक अमित कुमार मिश्रा, सहायक शिक्षिका बेबी देवी, कंचन कुमारी, अंशु कुमारी, अंचन कुमारी, संदीप सिंह, भरत प्रजापति, सुरेश प्रजापति, चंद्रदेव प्रजापति एवं ललन प्रजापति सहित अन्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### दो बाइक की टक्कर में एक घायल, बेहतर इलाज के लिए रेफर

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सलीमपुर गांव निवासी मो. फैजान बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें चतरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, युवक बाइक से मिश्रौल में आयोजित एक विवाह समारोह में जा रहा था। इसी दौरान खरिक पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें वह घायल हो गया।

## महुआडांड़ में विहिप और बजरंग दल की नई प्रखंड समिति घोषित



- नई कार्यकारिणी गठन से कार्यकर्ताओं में उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड (लातेहार)।** विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल की महुआडांड प्रखंड इकाई की नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा शनिवार देर शाम दुर्गा बाड़ी परिसर में आयोजित बैठक में की गई।

बैठक की अध्यक्षता बजरंग दल के विभाग संयोजक सुरज साहू ने की। इस दौरान आरएसएस के खंड कार्यवाह देवानंद प्रसाद, जिला पर्यावरण संरक्षण गतिविधि प्रमुख राजन साहू और विहिप जिला प्रसार प्रमुख प्रदीप जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में संगठन को मजबूत करने, सामाजिक कार्यों को बढ़ाने और युवाओं को जोड़ने पर चर्चा हुई। विभाग संयोजक सुरज साहू ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संगठन के उद्देश्यों के लिए काम करने का आह्वान किया।

बैठक में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल की नई प्रखंड एवं नगर समिति की घोषणा की गई। नई समिति में विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं।

विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष के रूप में अर्जुन सिंह, मंत्री दीपक कुमार साहू और सेवा प्रमुख नितीश कुमार साहू को जिम्मेदारी दी गई। वहीं बजरंग दल प्रखंड संयोजक आयुष जायसवाल और नगर संयोजक आर्यन जायसवाल बनाए गए। इसके अलावा मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी, सुरक्षा प्रमुख और अन्य पदों पर भी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई। संगठन की ओर से कहा गया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी सेवा, सुरक्षा और संस्कार के उद्देश्य के साथ समाज में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

नई समिति के गठन के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया और संगठन विस्तार को लेकर नई रणनीति पर चर्चा की गई।

## विहिप और बजरंग दल का शंखनाद, दुर्गा वाहिनी के 7 दिवसीय प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियां तेज

- युवतियों को मिलेगा राष्ट्रभक्ति, सेवा और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, निकलेगा भव्य पथ संचलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** आगामी दिनों में आयोजित होने वाले दुर्गा वाहिनी के प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में रविवार को जिला मुख्यालय स्थित पत्थरदास मंदिर परिसर में दोनों संगठनों की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले भर से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया।

बैठक की अध्यक्षता विहिप के जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री सुधीर कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री सुधीर कुमार ने कहा कि दुर्गा वाहिनी का प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।




सात दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में चतरा सहित पूरे झारखंड से बड़ी संख्या में युवतियां और महिलाएं भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रभक्ति, संस्कार, समाज सेवा, आत्मरक्षा एवं संगठनात्मक कार्यों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित पांडे ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान अनुशासन और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सात दिनों तक शारीरिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान शहर में एक दिवसीय भव्य पथ संचलन निकाला जाएगा, जिसके माध्यम से समाज में राष्ट्र जागरण और संगठन की विचारधारा का संदेश दिया जाएगा। प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सर्व व्यवस्था प्रमुख की जिम्मेदारी भुवनेश्वर साव, सह सर्व व्यवस्था प्रमुख तारकेश्वर गुप्ता, कार्यालय व्यवस्था सुधीर कुमार, अधिकारी व्यवस्था अंकित पांडे, जल एवं विद्युत व्यवस्था रोशन पांडेय, आपूर्ति व्यवस्था मृत्युंजय कुमार, आवास एवं सुरक्षा व्यवस्था उज्ज्वल कुमार तथा सफाई व्यवस्था श्वेतांग उपाध्याय को दी गई। इसके अलावा चिकित्सा व्यवस्था संतोष कुमार, प्रचार-प्रसार व्यवस्था विशाल हिंदू, यातायात व्यवस्था ठाकुर राकेश रंजन एवं रोशन तिवारी तथा भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी बंटी गुप्ता को सौंपी गई। बैठक में आयोजन के लिए निधि संग्रह एवं आर्थिक प्रबंधन को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर मनोज पांडेय, सोनू भुइयां, अजय मौर्या, राकेश जी, कैलाश दांगी, करण राणा, नितीश कुमार, विशाल रंजन, श्रवण कुमार, निशांत पांडे सहित बड़ी संख्या में विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने समेकित जनजाति विकास अभिकरण के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

# प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में छूटे हुए विद्यालयों का डेटा इंट्री पूर्ण कराने का निर्देश

- साइकिल वितरण योजना से वंचित छात्र-छात्राओं के लिए साइकिल प्राप्त कर फिटिंग कराने व वितरण का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। बैठक में उपायुक्त ने प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की जिसमें वर्ष 2025-26 में आईएनओ स्तर से प्रविष्ट नहीं किये गए विद्यालयों का डेटा 15 दिनों के अंदर प्रविष्ट सुनिश्चित करने का निर्देश प्रखंड कल्याण पदाधिकारी किस्को व कुडू को दिया गया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को छात्रों का बैंक अकाउंट के साथ आधार लिंक कराने का भी निदेश दिया गया। वर्ष 2026-27 अंतर्गत उक्त योजना में आईएनओ स्तर का कार्य ससमय करा लिए जाने का निदेश दिया गया। पोस्ट मैट्रिक योजना 2024-25 अंतर्गत जिन छात्र-छात्राओं का आधार बैंक अकाउंट से लिंक नहीं है, उनका लिंक कराने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। आईएनओ स्तर से लंबित आवेदनों को लिंक सक्रिय होने पर एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं छात्र-छात्राओं के डेटा जिला स्तरीय समिति की बैठक में पारित कराने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2026-27 का आवेदन की प्रकिया प्रारम्भ करा लें। उपायुक्त ने योजना की समीक्षा में कहा कि जिन छात्र-छात्राओं का साईकिल अब तक अप्राप्त है उसे प्राप्त करा लें। साथ ही फिटिंग कराते हुए वितरण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में संविधान की धारा 275(1) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में PAC द्वारा अनुमोदित योजनाओं की समीक्षा की गई जिसमें तुईमूपाट व पेशरार में अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय एवं आश्रम विद्यालय परहेपाट किस्को में कार्य जून माह तक पूर्ण करा लेने, कुडू में मल्टीपर्पस सेंटर का निर्माण कार्य मे प्रारंभ कराये जाने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना में प्रखंड स्तर से आवेदन नियमित रूप से जिला स्तर पर भेजे जाने का निदेश दिया गया। अत्याचार निवारण अधिनियम में आवंटन प्राप्त होते ही भुगतान का निदेश दिया गया। आवासीय विद्यालयों के मरम्मति व जीर्णोद्धार के संबंध में आवश्यक प्राक्कलन बनाये जाने का निदेश दिया गया। कल्याण विभाग के तीन आवासीय विद्यालयों ; आवासीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुईमुपाट, आवासीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बमनडीहा एवं आवासीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पेशरार में 50 बेड का छात्रावास निर्माण का कार्य जल्द प्रारम्भ कराते हुए पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित रूप से जांच किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में पीएमजेवीके, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, आवासीय विद्यालयों व छात्रावासों में मरम्मति व जीर्णोद्धार कार्य, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान, धुमकुड़िया हाउस निर्माण समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिए गए।

## मध्याह्न भोजन की एसएमएस आधारित मॉनिटरिंग सौ प्रतिशत सुनिश्चित हो: डीसी

- छात्र-छात्राओं का आधार का मिशन मोड में बायोमेट्रिक सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में आज शिक्षा विभाग की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम एमडीएम सेल की समीक्षा की गई जिसमें मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत लोहरदगा और भण्डरा प्रखण्ड का नामांकन और कवरेज आच्छादन पर अंसतोष व्यक्त किया गया इसमें सुधार का निर्देश संबंधित बीपीओ को दिया गया। मध्याह्न भोजन में कम आच्छादन वाले विद्यालयों की भी समीक्षा की गई और बच्चों की उपस्थित व मध्याह्न कवरेज में सुधार के निर्देश दिये गये। समीक्षा में वर्तमान वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में जिले को खाद्यान्न की आपूर्ति, उठाव व स्कूल स्टेप डिलीवरी से खाद्यान्न का वितरण सामान्य पाया गया।एसएमएस आधारित मध्याह्न भोजन का अनुश्रवण अच्छी तरह किये जाने का निर्देश दिया। जिन विद्यालयों के द्वारा एसएमएस के माध्यम से एमडीएम की रिपोर्टिंग नहीं की गयी उन विद्यालयों के प्राधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया।

**राज्य स्तर पर जिला के प्रदर्शन की समीक्षा की**

उपायुक्त राज्य स्तर पर लोहरदगा जिला द्वारा विभिन्न मापदण्डों पर प्रदर्शन की समीक्षा की गयी। इसमें निपुण भारत मिशन अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन इनोवेशन चैलेंज में जिला का प्रदर्शन संतोषजनक पाया गया। एफएलएन चैंपियनशिप में जिला व छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन, स्कूल सर्टिफिकेशन, पीएमश्री इंप्लीमेंटेशन, स्कूलों में पलाश कार्यक्रम का इंप्लीमेंटेशन आदि की समीक्षा की गयी।

## भंडरा में काल बनी रफ्तार: दो अलग-अलग हादसों में तीन युवकों की मौत, गांव में मातम

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा (लोहरदगा)।** भंडरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार की रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। इन घटनाओं के बाद से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और संबंधित गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पहली दुर्घटना रात करीब 8 बजे भंडरा-बेड़ो मुख्य मार्ग पर कुंदो गांव के पा स हुई। थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता के अनुसार, एक ट्रैक्टर का ट्रेलर बीच सड़क पर खराब हालत में खड़ा था, जिसका इंजन चालक निकाल कर ले गया था। अंधेरे के कारण सड़क पर खड़े होकर मरम्मत का प्रयास कर रहे सुशील लोहरा (28 वर्ष, निवासी तोड़ार सरना टोली) को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। सुशील की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी ने इसे ट्रैक्टर चालक की भारी लापरवाही करार दिया है। वही दूसरी दुर्घटना भी शनिवार रात करीब 8 बजे भंडरा-सीसई रोड पर पल मी चौक के पास हुई। धनामुंजी गांव निवासी दो दोस्त एतवा उरांव (23 वर्ष) और मनसहाय उरांव (24 वर्ष) स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। एतवा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल मनसहाय ने रविवार सुबह रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक साथ दो चिराग बुझने से धनामुंजी गांव में मातम पसरा हुआ है। वही थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने इन घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए वाहन चालकों और आम नागरिकों से अपील की है यदि रात में वाहन खराब हो जाए, तो सड़क पर इंडिकेटर, रेडियम या लकड़ी का बैरियर जरूर लगाएं ताकि दूर से आने वाले वाहनों को संकेत मिल सके। शराब पीकर वाहन चलाना खुद की और दूसरों की जान को खतरे में डालना है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों के लिए उचित मुआवजे और दुर्घटना को अंजाम देकर भागने वाले अज्ञात वाहन चालकों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और फरार वाहनों की तलाश जारी है।

## डोभा में डूबने से छह वर्षीय बालक की हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे निवासी भा ज पा के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सह पूर्व प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि लखन उरांव के भतीजा दिलीप उरांव के 6 वर्षीय पुत्र आरबी उरांव का गांव के बगल स्थित बक्सी डोभा में डूबने से मौत हो गई। बच्चे का शव को देखकर सभी की आंखे नम हो गई।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक बच्चे की माता सोनी कुमारी ने लिखित आवेदन देकर कैरो थाना पुलिस को बतलाई की मेरा बेटा सुबह में बिना किसी को कुछ बतलाए घर से निकला था। काफी समय बीत जाने पर हमलोग बच्चे की खोजबीन शुरू किये। इसी क्रम में देखा कि घर से कुछ दूरी पर स्थित बक्सी डोभा के मेढ़ में बच्चे का कपड़ा है। हमलोगों को डोभा में डूबने के अंदेशा हुआ तो कुछ लोग डोभा में घुसकर खोजना शुरू किये तो बच्चे का शव मिला। उन्होंने कहा कि मेरा पुत्र नहाने के क्रम में गहरे पानी मे चला गया होगा जिसके कारण पानी मे डूबने से उसकी मौत हो गई।सूचना मिलने पर कैरो थाना एसआई अमित कुमार मुर्मू, एएसआई जमशेद खान कैरो थाना पुलिस सदल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आवश्यक करवाई करते हुए शव को पोस्टमास्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदग़ा भेजने की बात कही। घटना पर मुखिया सुमित्रा उरांव, समेत अनेकों ग्रामीणों ने घटित घटना पर गहरा दुख जताया है।

## विद्युत शिकायतों के निवारण हेतु विशेष शिविर लगाए जाएंगे

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर विशेष पहल शुरू की जा रही है। लोहरदगा विद्युत विभाग की सहायक विद्युत अभियंता अज्जू कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि लोहरदगा जिले में 11 मई से 21 मई तक लोहरदगा जिला के विभिन्न प्रखंडों में बिजली बिल सुधार, नया विद्युत संबंध एवं बिजली विभाग से जुड़ी अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होंगे, जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता अज्जू कच्छप ने बताया कि विभाग को लगातार बिजली बिल में गड़बड़ी, नया कनेक्शन लेने में परेशानी, मीटर खराब होने तथा अन्य तकनीकी शिकायतें मिल रही थीं।

इसी को देखते हुए विभाग ने लोगों तक सीधे पहुंचकर समस्याओं के समाधान का निर्णय लिया है, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार विभागीय कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि शिविरों में विभागीय अधिकारी एवं तकनीकी कर्मी मौजूद रहेंगे। उपभोक्ता बिजली बिल सुधार, नया बिजली कनेक्शन, मीटर जांच, लाइन संबंधी समस्या, ट्रांसफार्मर से जुड़ी शिकायत समेत अन्य विभागीय मामलों का समाधान करा सकेंगे। विभाग का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को त्वरित और बेहतर सेवा उपलब्ध कराना है।

## एनएच-23 पर कार और पिकअप में टक्कर, बड़ा हादसा टला

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के दुम्बो चौक के समीप रविवार दोपहर कार और पार्सल लदे पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप वाहन सड़क पर पलट गया, हालांकि सभी लोग बाल-बाल बच गए। बताया गया कि एक होंडा कार रांची से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जा रही थी। इसी दौरान दुम्बो चौक के पास अचानक सामने बाइक आ जाने पर चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया। इसी क्रम में कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे पिकअप वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना में कार और पिकअप दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलने पर भरनो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाना भेज दिया। दुर्घटना के कारण कुछ देर तक एनएच-23 पर यातायात प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## महिलाओं को प्रोत्साहन देने की बात महज दिखावा : अजय पंकज

- झारखंड में सारी व्यवस्थाएं कुप्रबंधन के शिकार हो रही : बबन गुप्ता

**लोहरदगा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय सभागार में जिला अध्यक्ष अजय कुमार पंकज की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रूप से संरचनात्मक बैठक के प्रभारी बबन गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पानी बिजली को लेकर घेराव एवं जिला, मंडल शक्ति केंद्र एवं बूथ की बैठक विधिवत हर महीने सफल संचालन एवं संगठन की मजबूती पर परिचर्चा की गई। बैठक में बबन गुप्ता कहा कि झारखंड में सारी व्यवस्थाएं कुप्रबंधन के शिकार हो रही है। निरंकुश शासन व्यवस्था की शिकार झारखंड की भोली भाली जनता हो रही है। झारखंड में पेयजल की प्रबंधन पुरी तरह फेल लोग शहर से गांव तक दर दर भटक रही हैं। सुदूरवर्ती इलाकों में बर्तन धोने के लिए भी मीलों मील महिलाएं भटक रही हैं परंतु सरकार बेफिक्र है। अजय कुमार पंकज ने कहा कि कांग्रेस एवं जेएमएम सरकार महिलाओं को प्रोत्साहन देने की बात करती है परंतु यह केवल दिखावा है। सच्चाई तो यह है कि महिलाओं को मौलिक अधिकारों से कोसों दूर रखा जा रहा है। और मातृशक्ति के साथ में अन्याय के लिए भारतीय जनता पार्टी कभी नहीं माफ करेगी।12 मई को समाहरणालय के समक्ष बिजली एवं पानी की अव्यवस्थाओं को लेकर लोहरदगा जिला भाजपा कार्यकर्ता विरोध करेंगे। जिसका एकत्रीकरण ब्लाक मोड़ के समीप होगी। जनता की समस्याओं को लेकर सरकार को जगाने का हमारी संगठन कार्य करेगी। बैठक का संचालन पशुपति नाथ पारस धन्यवाद ज्ञापन नवीन कुमार टिंकू, जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, बजरंग उरांव,जगनंदन पौराणिक, कलावती देवी, राजीव रंजन, मिथुन तमेड़ा, बालकृष्णा सिंह,राजकिशोर साहू,शुकुल राम, मीना बाखला,विवेक चौहान, राजकुमार मुंडा,नवल किशोर साहू, कृष्णा मोदी,बुधन देवी, परमेश्वर उरांव, गोविंद महतो, संगीता कुमारी,सुरेश बैठा, बृजनंदन यादव, बाल्मीकि प्रसाद, शामेला भगत, दुबराज वर्मा, शंभू सिंह, विक्की महतो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घर का दीवार तोड़कर अनाज चट कर गए हाथी

**कैरो / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के सढ़ाबे डूमरटोली गांव में शनिवार मध्य रात्रि एक जंगली हाथी आ धमका और गांव के ही बंदो उरांव के घर का दीवार तोड़कर घर मे रखे आठ बोरा धान खा गया। कुछ को झिटकर बर्बाद कर दिया। फिर वह सुंगारी पहाड़ की ओर चला गया। जानकारी के अनुसार उस घर मे हाथी के डर से कोई नही सोता था। घर वाले पुराने घर मे सोने चले जाते हैं। जिससे किसी का भी जान जोखिम में नही पड़ा। घटना से परिवार वाले काफी दुखी हैं। उनका कहना है कि किसी प्रकार घर बनाये थे। हाथी ने घर भी तोड़ दिया और अनाज भी बर्बाद कर दिया। अब हमारे सामने आर्थिक संकट उतपन्न हो गई है। उन्होंने सरकारी प्रावधान के अनुसार क्षतिपूर्ति की मांग करने की बात कही है।

## समाजसेवी 102 वर्षीय श्रीकृष्ण लाल अग्रवाल को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया

**लोहरदगा।** आरटीआई कार्यशाला में लोहरदगा के 102 वर्षीय वयोवृद्ध कृष्ण लाल अग्रवाल को उनके लगातार समाज सेवा के कार्यों को देखते हुए उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। बताया गया कि लोहरदगा जिला में खेल एवं युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए इन्होंने ललित नारायण स्टेडियम के लिए अपना जमीन राज्यपाल के नाम पर दान दिया और इन्होंने अपना जमीन दान देकर जगन्नाथ स्वामी का मौसी बाड़ी मंदिर बनाया तथा अभी तक करीब 75 लाख श्रीराम का नाम लिख चुके हैं और सवा करोड़ श्रीराम नाम लिखने का इन्होंने लक्ष्य ठाना है। इन्हें दीपेश निराला और उनकी टीम ने शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया।

## गुमला जिला कांग्रेस कमिटी की नई कार्यकारिणी घोषित

नवीन मेल संवाददाता

**गु मला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की स्वीकृति के बाद गुमला जिला कांग्रेस कमिटी की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा के नेतृत्व में गठित नई टीम का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना बताया गया है। नई कार्यकारिणी में अनुभवी और युवा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष पद पर मानिकचंद साहु, सुजित जायसवाल, रोहित उरांव, मनीष कुमार हिन्दुस्तान, निशांत कुमार दुबे, अरुण कुमार, सीता देवी और अख्तर अली को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव पद पर चन्द्रशेखर उरांव, बैबुल अंसारी, संतोष कुमार गुप्ता, सुशील कुमार होता, गंगा उरांव, साहिद वारसी, बिजय ठाकुर, सुरेन्द्र सिंह, अरुण पाण्डेय समेत कई नेताओं को नियुक्त किया गया है। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में सचिवों की भी नियुक्ति की गई है। जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई टीम संगठन को नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा और जनसरोकारों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### हमर अधिकार मंच की कार्यशाला में नागरिकों को बताए गए आरटीआई के गुर

## प्रशासन में पारदर्शिता के लिए सूचना के अधिकार का प्रयोग जरूरी : दीपेश

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 पर निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया गया। आम नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आरटीआई विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता दीपेश निराला उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही मालिक है और उसे यह जानने का पूरा हक है कि सरकारी तंत्र कैसे काम कर रहा है और जनता का पैसा कहाँ खर्च हो रहा है। कार्यशाला के दौरान दीपेश निराला ने आरटीआई अधिनियम की विभिन्न महत्वपूर्ण धाराओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि धारा 6 के तहत कोई भी नागरिक साधारण आवेदन देकर जानकारी मांग सकता है। धारा 7 यह सुनिश्चित करती है कि मांगी गई जानकारी 30 दिनों के भीतर मिले। यदि मामला व्यक्ति के जीवन औ र स्वतंत्रता से जुड़ा हो, तो सूचना 48 घंटों में देना अनिवार्य है। धारा 19 में यदि विभाग जानकारी देने में आनाकानी करे या गलत तथ्य पेश करे, तो प्रथम और द्वितीय अपील कैसे की जाए, इसकी भी सिलसिलेवार जानकारी दी गई। श्री निराला ने व्यावहारिक उदाहरण देते हुए समझाया कि कैसे एक आम आदमी पंचायत से लेकर सचिवालय तक की फाइलों का सच सामने ला सकता है। दीपेश निराला ने सभी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए स्पष्ट किया कि आवेदन की भाषा सरल होनी चाहिए और पूछे गए सवाल सीधे होने चाहिए। हमर अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाएं भविष्य में ग्रामीण स्तर पर भी आयोजित की जाएंगी, ताकि अंतिम पंक्ति का व्यक्ति भी इस 'सूचना के हथियार' से लैस होकर अपने अधिकारों की रक्षा कर सके। केंद्रीय सचिव शकील अख्तर ने कहा की झारखंड के सभी प्रमंडल में हमर अधिकार मंच का विस्तार किया जाएगा एवं आम लोगों को हक अधिकार कानून की जानकारी दी जाएगी। जिससे आम लोग आंख से आंख मिलाकर बात कर सके और भ्रष्टाचार को खत्म किया जा सके। इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप राणा ने कहा की आने वाले दिनों में झारखंड में सबसे बड़ी भ्रष्टाचार से लड़ने वाला हमर अधिकार मंच होगा।

## कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित, युवक गंभीर घायल

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के सिलम पुल के समीप रविवार शाम एक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला निवासी मनु महतो के रूप में हुई है। बताया गया कि मनु महतो अपने रिश्तेदारों के यहां रायडीह प्रखंड के डोबडोबी केराडीह गांव आया हुआ था। रविवार शाम वह दोस्तों के साथ सिलम बाजार गया था। लौटने के दौरान सिलम पुल के पास अचानक एक कुत्ता सड़क पर आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।

दुर्घटना में युवक के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को 108 एंबुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

## मारवाड़ी युवा मंच के युवाओं ने किया रक्तदान, जरूरतमंदों के लिए बने जीवनदूत

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** मानवता और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए मारवाड़ी युवा मंच के चार सदस्यों ने सदर अस्पताल गुमला स्थित ब्लड बैंक में स्वेच्छा से रक्तदान किया। मंच के नवल अग्रवाल, मोहन साबू, भूषण नरसरिया और अर्पित सचदेव ने 4 यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया। रक्तदाताओं ने कहा कि उनके द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद जगा सकता है और यही उनके लिए सबसे बड़ी संतुष्टि है। मंच के पदाधिकारियों ने जिले की अन्य सामाजिक संस्थाओं और जागरूक नागरिकों से भी नियमित रक्तदान करने की अपील की। रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल एवं अमित मंत्री (गोलू) ने कहा कि थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और प्रसव के दौरान महिलाओं को अक्सर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदान कई लोगों की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाता है। रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक के लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह और जिरेन सोरेन ने तकनीकी सहयोग दिया। मौके पर मंच के अध्यक्ष संजीव मालानी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। अस्पताल प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## भंडरा में बेमौसम बारिश से हाहाकार, वज्रपात के डर से सहमे गांव

- मक्का, मूंग और सब्जियों की फसलें बेमौसम बारिश से बर्बाद
- खेतों में जलजमाव से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा/लोहरदगा।** मई के महीने में जब सूरज आग उगलता है, तब भंडरा प्रखंड में आसमान से राहत नहीं आफत बरस रही है। पिछले 10 दिनों से रोज शाम होते ही मौसम ऐसा बिगड़ता है कि पूरा जनजीवन ठहर सा जाता है। तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और लगातार कड़कती बिजली ने लोगों का चैन छीन लिया है। खेतों में खड़ी फसल तबाह हो गई है, और वज्रपात के खौफ से शाम ढलते ही गांवों में सन्नाटा पसर जाता है। ग्रामीण बताते हैं कि सुबह से दोपहर तक भीषण गर्मी और उमस रहती है। पारा 40 डिग्री के पार पहुंच जाता है। लेकिन शाम 4 बजते ही पश्चिम से काले बादल उमड़ते हैं। देखते-देखते तेज हवा चलती है, आसमान में बिजली चमकती है और झमाझम बारिश शुरू हो जाती है। यह सिलसिला 1 मई से लगातार चल रहा है। इस बेमौसम बारिश ने किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में कटी हुई और कटने को तैयार मक्का, मूंग, भिंडी, करेला, नेनुआ की फसलें बर्बाद हो गई हैं। खेतों में पानी भरने से सब्जियां सड़ रही हैं। प्रखंड के किसानो ने भरी आंखों से कहा कई एकड़ में सब्जी लगाई थी।

मंडी ले जाने ही वाला था। चार दिन की बारिश में सब गल गई। अब बीज और खाद का कर्ज कैसे चुकाएंगे प्रखंड में लगभग 50 प्रतिशत सब्जी की फसल चौपट हो चुकी है। बारिश के साथ गिर रही आकाशीय बिजली अब जानलेवा साबित हो रही है। प्रखंड में भी कई जगह पेड़ों पर बिजली गिरने की खबर आ रही है लगातार हो रही इन घटनाओं से लोगों में इतना खौफ है कि किसान शाम होने से पहले ही खेत छोड़कर घर लौट आते हैं।

बच्चे स्कूल से सीधे घर में दुबक जाते हैं.आंधी-पानी के कारण बिजली पूरे प्रखंड में रोज 5 से 8 घंटे बिजली गुल रहती है। बिजली नहीं होने से पेयजल आपूर्ति ठप है। मोबाइल टावर बंद होने से नेटवर्क भी गायब हो जाता है। भंडरा प्रखंड बस्ती पर जगह-जगह जलजमाव और कीचड़ से फिसलन बढ़ गई है।

## चैनपुर में बाइक दुर्घटना युवक गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बम्हनी गांव के समीप शनिवार देर रात सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान डुमरी प्रखंड के कोमड़ों निवासी शिव नायक (18) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान बम्हनी गांव के पास उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

